मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com

www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–12, फरवरी 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु लिमिटेड ने मसूरी में आयोजित की डीलर मीट

कामधेनु लिमिटेड कामधेनु समूह की अग्रणी कंपनी है जो भवन निर्माण से सम्बंधित विभिन्न उत्पादों जैसे इस्पात, पेंट्स, प्लाईवुड आदि की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, ब्रांडिंग और वितरण से जुड़ी है। कामधेनु लिमिटेड देश के विकास में सक्रीय योगदान देने के लिए जानी जाती है और अपनी सफलता का श्रेय अपने कर्मचारियों और सहभागियों के लगातार परिश्रम और साहस को देती है। यही कारण है कि कामधेनु लिमिटेड निरंतर अपने वितरकों, डीलर्स और अन्य सहयोगियों को प्रोत्साहित करती रहती है।

इस प्रोत्साहन की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए कामधेनु लिमिटेड ने होटल जेपी रेजीडेंसी मसूरी में 11 और 12 फरवरी को दिल्ली और हरियाणा के SS10000 डीलर्स के लिए भव्य डीलर मीट का आयोजन किया। मीट में स्मार्ट सिटी परियोजना में कंपनी की भागीदारी बढ़ाने के लिए डीलर्स से चर्चा की गई। इस सिलसिले में कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, "पहले चरण के न्यू–ऐज कंस्ट्रक्शन बिल्डिंगों में कामधेनु के उत्पाद बखूबी सक्रीय होंगे साथ ही जोन–।। के भूकंप क्षेत्रों में भी इनका प्रचलन बढ़ाने पर हमको पूरे फोकस के साथ काम करना है। इसी के लिए कंपनी अपने उच्च्य गुणवत्ता वाले उत्पाद जैसे SS10000, एफई–415, एफई–500 और एफई–500डी के माध्यम से औद्योगिक, ढांचागत व बुनियादी विकास में योगदान देना चाहती है।"

इस डीलर मीट के जरिये कामधेनु ने सभी डीलर्स को नए जमाने के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अपनी कंपनी के बेहतरीन उत्पादों को पुरजोर तरीके से मार्किट में प्रचलित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। डीलर मीट में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, "हमारा हमेशा ही यह प्रयास रहता है कि हम विकास में अपनी भागीदारी को बढायें। जिस तरह से स्मार्ट सिटी परियोजना एक अनूठी पहल है उसी प्रकार




से हमारे स्टील व अन्य उत्पाद स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सम्पूर्ण होने वाले हर विकास कार्य के लिए बेहतर हैं और SS10000 टीएमटी भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में भी दोगुनी सुरक्षा प्रदान करता है।"

इस विशाल डीलर मीट में 125 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया जिसमें दिल्ली के सेल्स प्रमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड से श्री राजिंदर गर्ग और हरियाणा से श्री सुमित गोयल, श्री सुमित अरोरा, श्री राजन दुआ, श्री गुलशन गुप्ता, श्री अंकित शारदा, श्री सतीश गर्ग, श्री राजीव गर्ग, श्री संजय मित्तल, श्री नरेश गर्ग, श्री अरुण बियानी व श्री पंकज गर्ग शामिल थे।

कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल और डायरेक्टर, श्री सचिन अग्रवाल सहित सीनियर जीएम श्री राजीव शर्मा, एजीएम श्री सुशील भारद्वाज, मेनेजर श्री अमित सुरोथिया, मेनेजर श्री पंकज आजाद, असिस्टेंट सेल्स मेनेजर श्री संतोष सिंह चौहान, असिस्टेंट सेल्स मेनेजर श्री सौरव सुमन और सीनियर सेल्स ऑफिसर श्री विजय शंकर सिंह इस डीलर मीट का अहम हिस्सा रहे।

कामधेनु के दिल्ली और हरियाणा के स्टील डीलर्स हमेशा ही नए इनोवेशन और कांसेप्ट को स्वीकारते हैं और यह मानते हैं कि एनसीआर के स्मार्ट सिटी तर्ज पर किये जा रहे विकास में SS10000 का पूरा योगदान रहेगा। इस मीटिंग में दिल्ली और हरियाणा में सबसे ज्यादा सेल करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को अवार्ड भी दिया गया। **सेल्स का बाहुबली अवार्ड पाने वाले डीलर्स में श्री सुनील कुमार, मेसर्स भारत स्टील ट्रेडर्स और पालम के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री संजय मित्तल और श्री दीपक मित्तल शामिल थे।** परफॉरमेंस के लिहाज से **श्री अंकित शारदा को दिल्ली और हरियाणा के बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर के खिताब** से नवाजा गया।

KAMDHENU SS 10000




भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश की पहली इंटरसेप्टर मिसाइल का 11 फरवरी को सफल परीक्षण किया। इस द्विस्तरीय इंटरसेप्टर मिसाइल से दुश्मन की बलिस्टिक मिसाइल को आकाश में ही मार गिराया जा सकेगा। पृथ्वी डिफेंस व्हीकल (PDV) के नाम से जानी जाने वाली इस मिसाइल से वायुमंडल में 50 कि.मी. के दायरे में किसी भी बलिस्टिक मिसाइल को नष्ट किया जा सकता है। इसके सफल परीक्षण के साथ भारत इस तकनीक को हासिल करने वाला पाँचवा देश बन गया है। अभी तक यह तकनीक अमरिका, रूस, चीन और इज़रायल के पास ही थी।

पीडीवी भारत को एक अभेद कवच प्रदान करेगा जिसे भेद पाना किसी भी मिसाइल के लिए आसान नहीं होगा। पीडीवी मिसाइल सिस्टम ने अपने परीक्षण के दौरान 97 कि.मी. की ऊंचाई पर लक्षित मिसाइल को सटीकता के साथ भेद दिया। इसी के साथ भारत ने मिसाइल तकनीक के मामले में अहम उपलब्धि भी हासिल कर ली।


यह मिसाइल रडार आधारित नेवीगेशन और ट्रैकिंग प्रणाली से लैस है, जो कंप्यूटर नेटवर्क और माइक्रो नेवीगेशन सिस्टम की मदद से बलिस्टिक मिसाइल के हमले का सटीकता के साथ पता लगाकर उस पर हमला कर सकेगी। दो चरणों में काम करने वाली इस मिसाइल की खासियत यह है कि पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर जाते ही इस मिसाइल की हीट शील्ड इससे अलग हो जाती है और फिर ये मिसाइल दुश्मन की बलिस्टिक मिसाइल पर हमला कर उसे नष्ट कर देती है। पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर बलिस्टिक मिसाइल को नष्ट करने का फायदा यह भी है कि मिसाइल का मलबा जमीन पर नहीं गिरता जिससे किसी तरह के नुकसान का खतरा नहीं रहता।




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 15 फरवरी को एक साथ 104 उपग्रहों (सैटलाइट्स) को एक ही रॉकेट से अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक कदम से अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा खिलाड़ी बनकर उभरा है। विश्व की अन्य एजेंसियों की तुलना में कम बजट होने के बाद भी इसरो ने वह कर दिखाया जो अभी तक अमेरिका और रूस नहीं कर पाये थे। एक साथ पृथ्वी की कक्षा में सबसे ज्यादा 37 उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित करने का रिकार्ड रूस के नाम था और 29 उपग्रहों के साथ अमेरिका दूसरे नंबर पर था। मगर इसरो ने इन सभी को पछाड़ते हुए भारत को पहले नंबर पर ला खड़ा किया है।

इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा स्पेस सेंटर से पीएसएलवी सी–37 (पोलर सैटलाइट लांच व्हीकल) रॉकेट से 90 मिनट के अंतराल में इस मिशन को पूरा किया। इस मिशन में 3 भारत के और 101 विदेशी उपग्रह थे। विदेशी उपग्रहों में सबसे ज्यादा 96 उपग्रह अमेरिका के थे। इसके अलावा इस्राइल, कजाकिस्तान, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड और यूएई के 1–1 उपग्रह थे। इस साहसिक और जोखिम भरे मिशन में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किए गये उपग्रहों का कुल वजन लगभग 1350 किलोग्राम था।

## भारतवंशी छात्र की अहम खोज



अमरिका के सैन फ्रांसिस्को में आयोजित हुए इंटेल विज्ञान मेले में भारतवंशी छात्र चैतन्य कमरचेदू की खोज ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। चैतन्य ने खारे पानी को पेयजल में बदलने का एक नायाब एवं किफायती तरीका खोज निकाला। इसके लिए उन्होंने आसानी से उपलब्ध होने वाले पॉलीमर का उपयोग किया। पॉलीमर कुदरती तौर पर पाया जाने वाला या कृत्रिम रूप से बनाया जाने वाला यौगिक है।

पोर्टलैंड के ओरेगांव में रहने वाले चैतन्य सीनियर हाईस्कूल का छात्र है। चैतन्य ने शोध के दौरान इस बात पर गौर किया की पानी के 10 प्रतिशत अणु ही नमक के अणु से जुड़े होते है और इन नमक के अणुओं को पॉलीमर की मदद से अलग किया जा सकता है। पॉलीमर नमक के अणुओं से जुड़ जाता है जिसके बाद बचा पानी पीने लायक होता है। जबकि ज्यादातर शोध इस आधार पर होता रहा है कि पानी के सभी अणु नमक से जुड़े होते हैं इसलिए खारे पानी को पेयजल बनाने की पूरी प्रक्रिया काफी अव्यवहारिक एवं खर्चीली थी। पृथ्वी के 70 फीसदी हिस्से पर पानी होने के बाद भी पेयजल के मामले में इसकी उपयोगिता न के बराबर है। मगर अब इस क्रांतिकारी खोज से पेयजल के गहराते संकट से निपटने में आसानी होगी।

## कामधेनु टीएमटी के दिल्ली व हरियाणा के डीलरों को मिला

# नैनीताल व जिम कॉर्बेट टूर का तोहफा



कामधेनु ग्रुप स्ट्रक्चरल स्टील, वायरबौंड, टीएमटी/एचएसडी बार और पेंट्स आदि निर्माण सामग्री की एक बड़ी श्रृंखला के मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, ब्रांडिंग और वितरण करने वाली प्रमुख कंपनियों में शामिल है। विश्वास और ट्रांसपेरेंसी के बुनियादी मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, निरंतर बदलते और विकसित होते मार्केट में हर कस्टमर सेगमेंट की आवश्यकताएं पूरी करना कंपनी के विजन का प्रेरक बल साबित हुआ है।

कामधेनु की इस देशव्यापी प्रगति का बड़ा श्रेय उनके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ–साथ कर्मचारियों, डीलर और डिस्ट्रीब्यूटरों के अथक परिश्रम को जाता है। कामधेनु उनके मनोबल और इच्छाशक्ति को पुख्ता रखने के लिए अच्छे इंसेंटिव स्कीम और रिवॉर्ड देता है जिसका अहम उदाहरण हैं निरंतर आयोजित किए जाने वाले टूर, जो देश और विदेश के मुख्य पर्यटन स्थलों के लिए प्लान किये जाते हैं। इसी क्रम में कामधेनु लिमिटेड ने 10 से 13 जनवरी 2017 तक के लिए 4 दिन 4 रात का एक टूर नैनीताल के लिए बतौर इंसेंटिव प्लान कराया। इस ट्रिप में कामधेनु टीएमटी के दिल्ली व हरियाणा के डीलर्स समेत लगभग 50 लोग शामिल थे जिसमें कामधेनु हरियाणा के असिस्टेंट सेल्स मेनेजर श्री संतोष सिंह, सेल्स ऑफिसर श्री विजय शंकर सिंह, श्री निरंजन महर्षि और डिस्ट्रीब्यूटर श्री नरेश गर्ग मुख्य नाम हैं।

नैनीताल में हरे–भरे पहाड़ों के बीच बहती नैनी झील का नजारा वहां के सबसे अच्छे पांच सितारा होटल द मनु महारानी से देखते ही बनता है। दो दिन तक के लिए सभी लोगों के रुकने की व्यवस्था वहीं की गयी थी। बाकी दो दिनों तक सभी ने प्रख्यात जिम कॉर्बेट पार्क में स्थित नमह रिसोर्ट में मौज मस्ती की व जंगल सफारी का भी लुत्फ उठाया।

सर्दी के मौसम में नैनीताल और जिम कॉर्बेट की खूबसूरती दोगुनी हो जाती है। इस यात्रा के दौरान सभी को पहाड़ी इलाकों में इस वक्त बदलती टोपोग्राफी का विस्मित कर देने वाला नजारा देखने को मिला। सभी लोग हर्षोल्लास के साथ बिताये पलों की सुनहरी यादों को लेकर वापस लौटे।




भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पटल पर उभरते हुए, अपने मजबूत कॉर्पोरेट सिद्धांतों पर आधारित कामधेनु लिमिटेड आज देश के कोने कोने में सशक्त रूप से स्थापित हो चुकी है। कामधेनु लिमिटेड की उत्पाद श्रृंखला मुख्य रूप से बिल्डिंग निर्माण से जुड़ी हैं। जैसे कि टीएमटी रिबार, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप और प्लाईवुड आदि।

कामधेनु लिमिटेड अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए निरंतर ही बिल्डिंग निर्माण से जुड़े लोगों को आकर्षित करने के लिए गतिविधियाँ आयोजित करता रहता है जो कंपनी के विकास में एक अहम भूमिका निभाता है। इसी क्रम में एक और पहल करते हुए कामधेनु ने 11 जनवरी 2017 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में स्थित थांडला में मैसन मीटिंग आयोजित की। यह एरिया कंपनी के इंदौर प्लांट और डिस्ट्रीब्यूटर श्री योगेश गर्ग के अंतर्गत आता है।

# कामधेनु के इंदौर प्लांट के अंतर्गत मेसन मीटिंग हुई संपन्न

इस मैसन मीटिंग को वहां खासी तवज्जो मिली और लगभग 80 लोगों ने इसमें शिरकत करते हुए भावी निर्माण तकनीक के बारे में जानकारी ली।

कामधेनु के द्वारा मैसन कम्युनिटी और बाकी निर्माण कार्य से जुड़े लोगों के लिए गठित की गयी इस मीटिंग में मंचासीन लोगों में मार्केटिंग मेनेजर श्री अवनीश कुमार, श्री नितिन मिश्रा, थांडला के डीलर मेसर्स जैन ट्रेडर से श्री मनीष शाहजी और डिस्ट्रीब्यूटर श्री योगेश गर्ग शामिल थे।

कामधेनु लिमिटेड एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट की तरह देश की प्रगति में अपने योगदान को बखूबी समझता है और अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों को निरंतर इसकी ओर अग्रसित करता रहता है।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.02.2017



# वैलेंटाइन के अवसर पर कामधेनु पेंट्स की जयपुर में डीलर्स मीट









कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही नये विचारों के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करती है। उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर बनाना हो या डीलर्स को प्रोत्साहित करना हो, कामधेनु हमेशा नवीन विचारों का सृजन करती है। ये नये विचार जहां उत्पादों को बेहतरीन गुणवत्ता प्रदान करते हैं वहीं डीलर्स को भी नई ऊर्जा देते हैं। इसी के तहत कामधेनु ग्रुप की कंपनी कामधेनु पेंट्स ने अपने डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए एक बेहतरीन टूर का आयोजन किया।

प्यार के रंग और खुशियों की थीम पर आयोजित इस टूर का गवाह बनी देश की पिंक सिटी जयपुर। ये रंग था डीलर्स के लिए जो एक परिवार के तौर एक ही रंग में रंग रहे थे। 12 –13 फरवरी को संपन्न हुए इस टूर में लगभग 250 डीलर्स सम्मिलित हुए।

देश के अलग–अलग राज्यों से आए डीलर्स इस आयोजन में पूरे परिवार के साथ सम्मिलित हुए। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पटना, कोलकाता और पंजाब के डीलर्स ने राजस्थान की अतुल्य संस्कृति को बड़ी ही प्रेरणा के साथ देखा और ऐतिहासिक धरोहरों को जाना। यह टूर अपने बेहतरीन पड़ावों के साथ आगे बढ़ा। दो दिन के इस टूर का पहला पड़ाव बना रिजोर्ट 'चोखी–ढाणी' जो अपने विलेज थीम के लिए प्रसिद्ध है। फिर अगला गंतव्य था 'स्नो–प्लैनेट' पार्क यहां पर डीलर्स परिवार के साथ मौज–मस्ती क पल बिताये। इस पूरे टूर में डीलर्स के बच्चों के मनोरंजन के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई ताकि उनके लिए भी यह टूर यादगार रहे। इसके साथ–साथ उन्होंने 'आमेर किला' और 'सिटी पैलेस' की भव्यता और गौरवशाली इतिहास को करीब से जाना जो एक प्रेरणादायी अनुभव बना। इस भव्य आयोजन में कामधेनु पेंट्स के डायरेक्टर श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''नये विचारों के साथ आगे बढ़ना हमेशा से श्रेष्ठता और सफलता का प्रतीक है मगर इसके साथ–साथ हमें जमीन से भी जुड़े रहना चाहिए ताकि हम सस्टेनेबल विकास के साथ बढ़ते रहें। कंपनी की सफलता में हमारे डीलर्स ने हमेशा ही बेहतरीन प्रयास किया है और हमारी भी कोशिश रहती है कि हम उन्हें प्रोत्साहित व सम्मानित करते रहे है।''

कंपनी के नेशनल मार्केटिंग हैड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा, ''हम हमेशा प्रयास करते हैं कि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता बेहतरीन हो और हमारे डीलर्स भी अपनी पूरी कोशिश करते हैं जिसके कारण हम नित नई सफलता प्राप्त कर रहे हैं। हम चाहते है कि डीलर्स हमेशा इसी प्रकार प्रदर्शन करते रहें।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**श्री कृष्ण लाल मित्तल**
**मेसर्स गुप्ता आयरन एण्ड स्टील कंपनी**
ए–71, रजौरी गार्डन,
नई दिल्ली
मो. 9873030033

**श्री अजय गर्ग**
**मेसर्स जगदम्बा सेल्स कॉरपोरेशन**
लोहा मंडी
हिसार
मो. 9215341233

**श्री ओमप्रकाश, श्री श्याम सुन्दर**
**मेसर्स गगन राम दिग राम (SS10000)**
चरखी दादरी, भिवानी
मो. 9812022005

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com